Himalaya FOOD COMPANY

**July 15th, 2024**

To,
**BSE Limited**,
Corporate Relationship Department,
Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street,
Mumbai - 400001

**Scrip Code: 526899**
**Symbol: HFIL**

**Subject: Submission of the copies of the newspaper publication**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to the applicable provisions of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and relevant circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Securities and Exchange Board of India (SEBI) in this regard, please find enclosed herewith the copies of newspaper advertisement published in The Pioneer (English) and The Pioneer (Hindi) on July 15, 2024, intimating, inter-alia, that the thirty-third (33rd) Annual General Meeting of the Company (AGM) will be held on Friday, August 09th, 2024 at 09:30 a.m. (IST) through Video Conferencing ('VC') / Other Audio Visual Means ('OAVM').

The Notice of AGM and the Annual Report shall be sent to all the shareholders whose email IDs are registered with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent or Depository/ Depository Participant (s) and shall be available on the Company's website at https://himalayafoodcompany.com/ in due course.

You are requested to kindly take the same on record and disseminate appropriately.

Thanking you,

Yours faithfully,

**For Himalaya Food International Limited**

Siddharth Panwar Digitally signed by Siddharth Panwar Date: 2024.07.15 17:47:28 +05'30'

**Siddharth Panwar**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M.No.: ACS 64044**

# न्यू नोएडा: लैंड पूलिंग पॉलिसी से अधिग्रहण संभव

● शासन से मास्टर प्लान 2041 को मिलेगी मंजूरी, 203 वर्ग किमी में बसेगा नया शहर



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

वेस्ट यूपी में निवेश का केंद्र अब (दादरी नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन) न्यू नोएडा होगा। डीएनजीआईआर गौतमबुद्ध नगर के 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत कर बसाया जाएगा। इसका मास्टर प्लान शासन को भेजा गया है। जमीन अधिग्रहण के लिए यहां लैंड पूलिंग पॉलिसी को लागू किया जा सकता है।

इस पर विचार किया जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही शासन न्यू नोएडा के मास्टर प्लान को अप्रूव करेगा और गांव में जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। प्राधिकरण ने 213 वीं बोर्ड में करीब 1 हजार करो? रुपए जमीन अधिग्रहण के रिजर्व किए हुए है। जिनका पूरे वित्त वर्ष में उपयोग नहीं हो सका। ऐसे में अब यहां लैंड पूलिंग नीति को लागू करने के साथ जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। न्यू नोएडा का मास्टर प्लान प्राधिकरण और एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) ने बनाया है। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर (203 वर्ग किमी) में बसाया जाएगा। लैंड पूल नीति के तहत भू-स्वामी को 5 वर्ष तक अथवा विकसित भूखंड प्राप्त होने तक क्षतिपूर्ति के आधार पर मासिक रूप से मुआवजा 5000 रुपए प्रति एकड़ प्रतिमाह होगा।

योजना के तहत पुलिस में दी गई भूमि का 25 प्रतिशत भू-स्वामी को आवंटित की जाएगी। विकसित भूमि का 80 प्रतिशत भूमि औद्योगिक उपयोग के लिए जो कम से कम 450 वर्गमीटर का होगा। 12 प्रतिशत उपयोग आवासीय जो कम से कम 172 वर्ग मीटर वहीं, 8 प्रतिशत उपयोग व्यवसायिक के लिए जो कम से कम 48 वर्ग मीटर का होगा।जहां भी न्यूनतम आकार भी भूमि से कम भू-स्वामी को आवंटित होगी वहां उन मामलों में भू-स्वामी द्वारा अतिरिक्त भूमि मानकों के अनुसार खरीदी जा सकेगी। लैंड पूल नीति में बाई-बैक का प्रावधान नहीं होगा। आवंटित भूमि पर मास्टर प्लान, बिल्डिंग बायलॉज , स्वीकृत ज़ोनल प्लान लीज डीड की शर्तें मान्य होंगी। भू-स्वामी के लिए स्टांप ड्यूटी देय नहीं होगी। लेकिन प्राधिकरण को पंजीकरण शुल्क देना होगा। विकसित भूखंड पर जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवरेज , बिजली, , कचरा निष्पादन निपटारा का प्रावधान किया जाएगा। 21 हजार हेक्टेयर या 203 वर्ग किमी में न्यू नोएडा को बसाया जाना है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक , 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रिक्रेशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। छ्हत्ब्द्धक्र को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है। इस शहर की आबादी 6 लाख के आसपास होगी।

### यह है मास्टर प्लान

- रेजिडेंशियल 2477
- कॉमर्शियल 905.97
- पीएसपी इंस्टीट्यूशनल 1682.15
- फैसिलिटी 198.85 इंडस्ट्री 8811
- ग्रीन पार्क / ओपेन एरिया 3173.94
- रिक्रेशनल 420.60
- वाटर बॉडी 150.65
- ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन 3282.59

# दुश्मनों को जेल भिजवाने के लिए मां ने रची बच्चे के अपहरण की झूठी साचिश

● बॉयफ्रेंड संग आरोपी महिला गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक मां ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर 7 साल के बेटे का अपहरण करा दिया। मां चाहती थी अपहरण के आरोप में उसके दो दुश्मन जेल चले जाएं। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो आरोपी बॉयफ्रेंड इस बच्चे को उसकी मौसी के घर छोड़कर भाग निकला।

मौसी बच्चे को लेकर सीधे पुलिस के पास पहुंच गई। उसके बाद पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। पुलिस ने बच्चे की मां और उसके बॉयफ्रेंड को रविवार को संतोष मेडिकल सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया, 13 जुलाई को विजयनगर क्षेत्र की महिला ने अपने बेटे के अपहरण होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत अपहरण का केस दर्ज करते हुए बच्चे की तलाश के लिए टीमें बना दी।

जांच के दौरान पता चला कि मां ने साजिश के तहत अपने बच्चे को अगवा कराया है। इस काम में उसके बॉयफ्रेंड ने भी उसका साथ दिया। वह सिकंदराबाद (बुलंदशहर) का रहने वाला है। उसके बाद पुलिस ने रविवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया कि बच्चे की मां का 2 युवकों आशु शर्मा और प्रेम चोपड़ा से विवाद चला आ रहा है। महिला पूर्व में इन दोनों युवकों पर रेप का मुकदमा दर्ज करा चुकी है। ये मामला कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद महिला ने इन दोनों युवकों पर ही मारपीट का एक और मुकदमा दर्ज कराया। अब ये महिला इन दोनों युवकों को जेल भिजवाना चाहती थी। इसलिए उसने बॉयफ्रेंड नीरज संग मिलकर बेटे के अपहरण की प्लानिंग बनाई। प्लानिंग ये थी कि नीरज इस बच्चे को ले जाएगा। तीन-चार दिन तक अपने पास रखेगा। फिर उसको नशीला पदार्थ खिलाकर पुलिस चौकी के पास छोड़ जाएगा। इसके बाद जब पुलिस इस बच्चे से पूछताछ करेगी तो वो आशु शर्मा और प्रेम चौपड़ा के नाम बता देगा। जिसके बाद वो दोनों युवक जेल चले जाएंगे। इधर, जैसे ही पुलिस ने तलाश शुरू की तो आरोपी नीरज घबरा गया और बच्चे को हापुड़ में उसकी मौसी के पास छोड़ गया। मौसी आज यानि रविवार को इस बच्चे को लेकर थाने पर आ गई। पुलिस ने जब बच्चे से पूछताछ की तो उसने मां की करतूत के बारे में पुलिस को बता दिया।

## करंट की चपेट में आई बच्ची, मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पॉवर कॉरपोरेशन की लापरवाही ने एक बच्ची की जान ले ली। शनिवार देर रात टूटे पड़े बिजली के खंभे में करंट दौड़ रहा था। इसकी चपेट में आकर 8 साल की बच्ची की मौत हो गई।

बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देकर कॉरपोरेशन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। ये हादसा ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में हुआ है। यहां रामपार्क एक्सटेंशन में रहने वाले हरवीर सिंह गोलप्पे की ठेली लगाते हैं। उनके घर के बाहर एक बिजली का खंभा टूटा पड़ा है। हरवीर की आठ वर्षीय बेटी प्रियांशी शनिवार रात घर के बाहर मौजूद थी।

# भट्टा पारसौल के किसानों को मुआवजा देकर 1326 लोगों को कब्जा देगा यीडा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) तथा भट्टा व पारसौल गांव के किसानों के बीच समझौता हो गया है। भट्टा तथा पारसौल के सभी किसानों को जल्दी ही मुआवजा दे दिया जाएगा। इसी कड़ी में जेवर एयरपोर्ट के पास विकसित हो रहे यीडा के सेक्टर-18 तथा सेक्टर-20 में 1326 आवंटियों को कब्जा दे दिया जाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ी जानकारी दी गयी है। इस मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट के पास जल्दी ही 1326 प्लॉटों के आवंटियों को कब्जा दे दिया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि किसानों के विरोध से सुर्खियों में आए भट्टा और पारसौल गांव में आवंटित किए गए प्लॉट पर घर बनाने का सपना 15 वर्ष बाद पूरा होने वाला है। यमुना प्राधिकरण (यीडा) दिसंबर तक आवंटियों को यहां पजेशन देने की तैयारी में है। यीडा ने किसानों से सहमति के आधार पर यहां जमीन खरीद ली है। यह यीडा की पहली योजना थी जो 15 वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

दरअसल, भट्टा और पारसौल गांव में यीडा ने सेक्टर-18 और 20 के आवासीय क्षेत्र को विकसित करने की योजना बनाई थी। इसके लिए वर्ष 2009 में किसानों की जमीन को धारा-4 और 6 तथा 9 की कार्रवाई करके प्राधिकरण ने अधिग्रहण कर लिया। किसानों के विरोध और मामला न्यायालय में होने की वजह से प्राधिकरण को कब्जा नहीं मिल पाया। इससे 2100 आवंटियों को भुगतान के बाद भी पजेशन नहीं दिया जा सका। यीडा ने किसानों से वार्ता जारी रखकर कुछ वर्ष पहले 800 आवंटियों को कब्जा दिलाया था। अब यीडा ने शेष 1326 प्लॉटों पर कब्जे की प्रक्रिया पूरी कर किसानों को मुआवजे के लिए राजी कर लिया है। 25 जुलाई से किसानों का मुआवजा जारी होना शुरू हो जाएगा। अहम है कि वर्ष 2009 में योजना बनाते समय यीडा के अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर सेटेलाइट सर्वे कर लिया था। इसमें किसानों की जमीन पर आबादी का ध्यान नहीं रखा गया था।

# कांवड़ यात्रा में ट्रैफिक प्लान का ब्लू प्रिंट तैयार

● गाजियाबाद में एडीजी ने ली बैठक, दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर जल्द डायवर्ट होगा हैवी ट्रैफिक



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी ट्रैफिक) के सत्यनारायण शनिवार रात गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। ट्रैफिक डायवर्जन का ब्लू प्रिंट देखा। उसको फाइनल टच दिया। ट्रैफिक में और क्या-क्या सुधार की गुंजाइश है, इसके भी टिप्स दिए।

ये बैठक गाजियाबाद पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में हुई। इसमें उनके अलावा पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, एडिशनल पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार पी आदि अफसर मौजूद रहे। इस बैठक में एडीजी ट्रैफिक को बताया गया कि इस बार कांव ? यात्रा का रूट क्या रहेगा, कितने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा हल्के और भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कौन सी तारीख से कैसे-कैसे होगा, इसकी जानकारी भी उन्होंने ली। एडीजी ने कहा कि पुलिस अफसर खुद ही ट्रांसपोर्ट यूनियन और व्यापार मंडलों संग बैठक कर लें, ताकि ब ? वाहनों का ज्यादा मूवमेंट इस दौरान न रहे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आसपास के जिलों से कोऑर्डिनेशन के लिए पुलिस ने एक वॉट्सएप ग्रुप बना लिया है। इसमें ट्रैफिक से संबंधित समस्त जानकारियां साझा की जाएंगी।


शोक समाचार



अपार दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूजनीय पिता
श्री विनोद कुमार राव जी
का स्वर्गवास 08 जुलाई 2024 को हो गया है। आप सब से निवेदन है कि दिवंगत की आत्मा को अनंत शांति प्राप्ति हेतु 20 जुलाई 2024 को तेरहवीं के भोज के लिए पधारें।
कार्यक्रम
दिनांक : 20 जुलाई 2024 समय - सुबह 11 बजे से
स्थान- कम्युनिटी सेंटर, नोएडा सैक्टर-56
शोकाकुल परिवार
कल्पना, विन्नी, कृष्णा, कबीर

PUBLIC NOTICE

My Client Ram Avtar Bharadwaj S/o Jai Narayan Bharadwaj and his wife Krishna Bharadwaj R/o H.No-G1 A" Street No 3, Patel Nagar Sonipat (HR) 131001 has Served all their relation/family Connections with His Son Namely Parvesh and his Wife Annu and Disowned, Debarred Them From Their all moveable and immovable Properties as Parvesh and his Wife Annu Are Disobedient and Disrespectful toward My Client as such They are not In the Control of My Client My Aforesaid Clients Shall Not Be Responsible Liable For Their Acts, Conduct And Deeds In Future From Today.

Tarun Upadhayay (ADVOCATE) Ch No 240, District Court Complex, Sonipat-131001

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

This is to state that Mr. Sonu Agarwal and Mr. Sonu Kumar Agarwal are one and the same person and he is the father of Tejas Agarwal.

PD(596)C


## साधुओं की पिटाई का वीडियो वायरल, 3 धरे

**मेरठ।** मेरठ में कुछ साधुओं की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग साधुओं को पीटते नजर आ रहे हैं, वह वीडियो लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के प्रह्लाद नगर इलाके का बताया जा रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते कार्रवाई की।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत, तीसरा घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में रविवार सुबह हादसा हो गया। पिकअप वाहन और बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा घायल है।

ये हादसा रविवार सुबह करीब 6 बजे इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में वसुंधरा स्थित नहर रोड पर हुआ। बाइक सवार तीन युवक कनावनी की तरफ जा रहे थे। सामने से पिकअप वाहन आ रहा था। दोनों में आपस में तेज टक्कर हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक से टकराने के बाद पिकअप वाहन सड़क किनारे बिजली के खंभे में जा घुसा। पिकअप बुरी तरह डैमेज हो गया। हादसे में घायल हुए तीनों बाइक सवारों को संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में कैला मलिन बस्ती निवासी इरशाद की मौत हो गई। गंभीर घायल शौकत को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में शौकत निवासी गौशाला फाटक ने भी दम तोड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार



सेक्टर-18 पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

### कैब ड्राइवर को सड़क पर पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में गाड़ी का सनरूफ खोलकर रील बना रहे लड़कों का वीडियो शूट करना कैब ड्राइवर को भारी पड़ गया। इन लड़कों ने कैब ड्राइवर को बीच सड़क पर रोककर डंडों से जमकर पीटा और सिर फोड़ दिया। इसके बाद वो धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने पूरे मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ये पूरा मामला शनिवार देर रात इंदिरापुरम थाना क्षेत्र का है। जनपद औरेया में सुखचेनपुर विधुना निवासी अभय चौहान दिल्ली-एनसीआर में कैब ड्राइवर है। अभय चौहान शनिवार रात 12.40 बजे अर्टिगा कैब लेकर गाजियाबाद के साहिबाबाद से नोएडा सेक्टर-62 जा रहा था। गाजियाबाद में नेशनल हाईवे-24 स्थित सीआईएसएफ मोड के पास आगे चल रही एक कार में चार-पांच लड़के सनरूफ खोलकर रील बना रहे थे और हु?दंग कर रहे थे। ये देख अभय चौहान ने उनकी मोबाइल से वीडियो बनानी शुरू कर दी। उन लडकों ने अभय को ऐसा करते हुए देख लिया। जिसके बाद आरोपियों ने ओवरटेक करके कैब रुकवा ली और अभय चौहान को नीचे उतारकर लाठी-डंडों से पीटा।

### आईईसी कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

नोएडा। आईईसी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में प्रतिष्ठित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों की विशिष्ट उपलब्धियों और योगदानों का सम्मान किया गया।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने संस्थान के शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं और संस्थान का नाम रोशन किया है।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सीएफओ अभिजीत कुमार, एक्जीक्यूटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार, निदेशक फार्मेसी डा. भानू सागर, डीन एकेडमिक्स डा. बी सरन, मार्केटिंग हेड गुंजन भाटी, तुषार गुप्ता, दिनेश मदवाल, प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे ।

### यमुना योद्धा व लखनऊ लॉयन्स की टीम जीती

**नोएडा।** नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही,यूपी कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के तीसरे दिन शनिवार के पहले मैच में यमुना योद्धा ने नोएडा निन्जा को 7 अंकों (29-22) से शिकस्त दी,जबकि दूसरे मैच में लखनऊ लॉयन्स ने काशी किंग्स को 11 अंकों (42-31) के अंतर से पराजित कर दिया।शनिवार शाम पांच बजे खेले गए, कबड्डी के पहले मुकाबले में, नोएडा निन्जा ने रेड प्वाइंट, टेकल प्वाइंट और बोनस प्वाइंट मिलाकर कुल 22 अंक हासिल किएं, जबकि यमुना योद्धा ने रेड प्वाइंट, टेकल प्वाइंट और बोनस प्वाइंट के साथ कुल 29 अंक हासिल कर जीत अपने नाम कर ली। दूसरे मैच में, लखनऊ लॉयन्स ने काशी किंग्स को 11 अंकों (42-31) के अंतर से पराजित कर दिया। जिसमें विजेता टीम लखनऊ लॉयन्स ने रेड प्वाइंट, टेकल प्वाइंट और बोनस प्वाइंट मिलाकर कुल 42 अंक हासिल किएं।वहीं, दूसरी ओर हार का सामना करने वाली काशी किंग्स महज 31 अंक पर ही सिमट गई। तीसरे दिन के खेल में,खेल प्रेमियों ने लीग मुकाबलों में खास दिलचस्पी दिखाई और स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को भी मैचों में खासा रोमांच देखने को मिला। इस दौरान सभी टीमों के समर्थक अपने-अपने तरीके से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थें। कई मर्तवा दर्शकों ने गानों के जरिए भी अपने फेवरेट टीमों को सपोर्ट किया व उनका जोश और जुनून काबिल ए गौर था।

# लोक अदालत में साढ़े छह लाख केसों का निस्तारण



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा विगत दिवस दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्जवलित कर उदघाट्न किया गया। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुए। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये वादों से संबंधित विवरण उपलब्ध कराये गये।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 146252 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 83713 मामले, बैकं द्वारा 272 मामलें, एनपीसीएल द्वारा 28 मामलें व यूपीपीसीएल के 1460 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 188 मामलें व धनराशि 13327829 है, मनोरंजन विभाग द्वारा 07 मामलों का निस्तारण किया गया, पुलिस विभाग द्वारा 10555 मामलों का निस्तारण किया गया।

बीएसएनएल द्वारा 83 मामलें तथा तथा यातायात विभाग द्वारा 388210 मामलों का निस्तारण हुआ इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 511087 मामलें निस्तारित हुये। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 657899 वाद निस्तारित हुए।

# रेलवे के रिटायर्ड जीएम से ठगी करने के मामले में 6 गिरफ्तार

● पार्सल में ड्रग्स होने के नाम पर डराया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विदेश जा रहे पार्सल में ड्रग्स होने के नाम पर रेलवे के रिटायर्ड जीएम को डराने और डिजिटल अरेस्ट कर 52 लाख की ठगी करने वाले छह साइबर जालसाजों को नोएडा साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये जालसाज स्काइप कॉल के माध्यम से फोन कर लोगों से साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

पुलिस ने उनके पास से सौ मोबाइल और एक कार बरामद की है। पुलिस इस गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। नोएडा साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम ने रविवार को राजस्थान निवासीकिशन, लखन, महेंद्र, 32 वर्षीय संजय शर्मा, 31 वर्षीय प्रवीण जांगिड़ और शंभू दयाल को गिरफ्तार कर लिया है। यह सभी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं।

इन आरोपियों ने मई महीने में नोएडा में रहने वाले रेलवे के रिटायर्ड जीएम प्रमोद कुमार के साथ डिजिटल अरेस्ट कर 52 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की थी। यह आरोपी व्हाट्सएप कॉल और स्काइप कॉल करके लोगों को फोन करते हैं और विदेश जा रहे पार्सल में ड्रग्स होने की बात बात कर मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े जाने का झांसा देते हैं।

## दिल्ली से देहरादून के बीच आना-जाना होगा आसान

**गाजियाबाद।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का 96 फीसद काम पूरा हो चुका है। अगस्त 2024 तक इसे पूरा करने की अंतिम तिथि है। इस प्रोजेक्ट समेत एनएचएआई की देशभर की परियोजनाओं की रिव्यू बैठक को लेकर अधिकारियों द्वारा इन दिनों तैयारी की जा रही हैं।

यह बैठक 15-16 जुलाई को प्रस्तावित है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को अगस्त तक पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

अधिकारियों ने निर्माण करने वाली कंपनियों को गुणवत्ता के साथ सुरक्षित कार्य करने के भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। 2324 करोड़ की लागत से बन रहे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के चालू होने के साथ ही दिल्ली से देहरादून की दूरी काफी कम हो जाएगी।


## हिमालय फूड इंटरनेशनल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
सीआईएनः L70102DL1992PLC047399 दूरभाष +91 11 45108609
ई-मेल आईडीः cs@himalyainternational.com | वेबसाइटः www.himalayafoodcompany.com
वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य-ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओवीएएम) के माध्यम से आयोजित 33वीं वार्षिक आम बैठक से संबंधित जानकारी

हिमालय फूड इंटरनेशनल लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 33वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024 को सुबह 09:30 बजे (आईएसटी), वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और इसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमों 2015 ("लिस्टिंग विनियम") सामान्य परिपत्र संख्या-14/20 दिनांक 08 अप्रैल 2020 और 17/20 दिनांक 13 अप्रैल 2020 के साथ पठित, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या-09/2023 दिनांक 25 सितंबर 2023 सहित अन्य संबंधित परिपत्र के साथ पठित, सेबी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 और सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 सहित अन्य संबंधित सेबी परिपत्र एमसीए और सेबी द्वारा इस संबंध में जारी किए गए अन्य लागू परिपत्रों के साथ, एजीएम के नोटिस में निर्धारित किए गए व्यवसायों को लेन-देन करने के लिए।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट, बोर्ड रिपोर्ट और उससे संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेज शामिल हैं, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजे जाएंगे जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट या डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (प्रतिभागी) के पास पंजीकृत हैं। उपर्युक्त दस्तावेज www.himalayafoodcompany.com पर कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे और नियत समय में बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

**ई-मेल पते और बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका**

(ए) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए: कृपया आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ फॉर्म आईएसआर-1 कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड, तीसरी मंजिल, बीटल हाउस, 99, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, मदनगीर गांव, मदनगीर, नई दिल्ली, दिल्ली 110062 पर भेजें। फॉर्म आईएसआर-1 कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे https://himalayafoodcompany.com/pages/forms-for-investors पर देखा जा सकता है।

(ख) डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए: कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी ("डीपी") के साथ अपने ईमेल पते और/या बैंक खाते का विवरण पंजीकृत/अपडेट करें।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के निर्देश और भागीदारी के तरीके नोटिस में दिए जाएंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

कंपनी अपने सभी सदस्यों (डीमैट/भौतिक रूप में शेयर रखने वाले) को एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीका, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने की सुविधा और एजीएम में ई-वोटिंग, डीमैट फॉर्म या फिजिकल फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्यों और उन सदस्यों के लिए जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, एजीएम की सूचना में प्रदान किया जाएगा। वीसी/ओएवीएन के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, उन्हें एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने की अनुमति दी जाएगी।

**पुस्तक बंद होने की सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के अनुसार कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें शनिवार, 3 अगस्त, 2024 से शुक्रवार, 9 अगस्त, 2024 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी ।

उपरोक्त सूचना कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और यह एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

निदेशक मंडल की ओर से
हिमालय फूड इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 00696077)

दिनांकः 14.07.2024
स्थानः नई दिल्ली

